



एक नजर में

## सुरक्षित खाद्यान्न ही उचित पोषण की गारंटी



**बागली।** जैव संवर्धित परियोजना अंतर्गत केन्द्र द्वारा 50 कृषक खेतों पर प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान डॉ. ए.के. दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मागदर्शन में प्रक्षेत्र दिवस का भव्य कार्यकम में श्रीमती गंगाबाई के प्रदर्शन प्रक्षेत्र पर कृषकों को जागरूक करने की दृष्टिकोण से आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत डॉ. सविता कुमारी द्वारा उपस्थित कृषकों को जैव संवर्धित प्रजातियों के महत्व एवं कुपोषण उन्मूलन में महती योगदान के प्रति जागरूक किया जिससे ग्राम स्तर पर दैनिक नित्य आहार में जैव संवर्धित प्रजातियों के विधिव भोज्य पदार्थ को शामिल कर मध्यप्रदेश को इस गंभीर समस्या से छुटकारा मिल सके। उक्त कार्यशाला में डॉ. एच.आर.जाटव द्वारा कृषकों को जैव संवर्धित प्रजातियों के उत्पादन तकनीक पर जानकारी दी जिससे लघु एवं सीमांत कृषकों कृष को उत्पादन में आसानी प्राप्त हो सके। डॉ. ए. के. दीक्षित द्वारा भारत सरकार के खाद्यान सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न फसलों के जैव संवर्धित प्रजातियों के संबंध में जानकारी दी साथ ही यह अवगत कराया कि देश में लगभग 100 से अधिक दलहन, तिलहन खाद्यन्न, सब्जी आदि फसलों के प्रजातियों को विकसित किया जा चुका है ।जिसे अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम अंतर्गत क्षेत्र सेजुड़े 44 कृषक प्रतिभागियों द्वारा भागीदारी की गयी। इस दौरान डाक्टर एके दीक्षित द्वारा बताया गया कि किसानों को सुरक्षित खाद्यान्न के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। किसान स्वयं जैव संबंधित प्रजातियां लगाएंगे और उससे उत्पादन खाद्यान्न का स्वयं उपयोग करेंगे साथ ही साथ बाजार में भी उपलब्ध कराएंगे तो आने वाले समय में उक्त खाद्यान्न उपयोग करने वाले पारिवारिक सदस्यों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी वर्तमान में 100 से अधिक जैव संवर्धित प्रजातियां दलहन तिलहन खाद्यान्न सब्जी आदि फसलों में विकसित हो गई है। इनका उपयोग किसान पूरी तरह से करने लगेंगे तो पौष्टिक खाद्यान्न उत्पादन होना शुरू हो जाएगा। इस कार्यक्रम में शोभाराम सहित 44 से अधिक कृषक उपस्थित रहे।

## विधायक शर्मा ने जोशी को श्रद्धांजलि दी



**देवास।** विगत दिवस लोहारदा निवासी सरस्वती देवी जोशी का निधन हो गया था उनके निधन पर परिवार जनों के बीच पहुंच कर कन्नौद खातेगांव के विधायक आशीष शर्मा ने सांत्वना व्यक्त कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक शर्मा ने माताजी को याद करते हुए बताया कि वे बहुत ममतामयी एवं सरल स्वभाव की होकर स्नेहपूर्ण व्यवहार की धनी थी। विधायक शर्मा के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ कोठारी कन्नौद विष्णु कचौले राजस्व विभाग के ओमप्रकाश पटाक ने भी श्रद्धांजलि व्यक्त की। वयोवृद्ध माताजी श्रीमती सरस्वती देवी जोशी डॉ राजेंद्र देवेंद्र जोशी की काकी, डॉ सुरेंद्र महेंद्र जोशी की माताजी एवं पूर्णेन्द्र गजेंद्र जोशी कर्मचारी नेता आनंद कुमार जोशी (सुंद्रेल) पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक सागर जोशी की दादी थी। अनेकों गणमान्य नागरिकों एवं रिश्तेदारों द्वारा प्रतिदिन श्रद्धांजलि व्यक्त की जा रही हे।

## निशान पैदल यात्रा 15 मार्च को

**टोंक खुर्द।** ग्राम इकलेरा माताजी मां बिजासनी मंदिर से 15 मार्च को नेवरी फाटा खाटू श्याम मंदिर तक निकाली जावेगी आयोजक श्याम प्रेमी भक्त मंडल के तत्वाधान मे निकलेगी आयोजक समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं उक्त जानकारी राजू सिंह दांगी ग्राम मुंडला दांगी ने दी।

## खिवनी अभ्यारण के डिप्टी रेंजर परते का निधन

**कन्नौद।** वन मंडल देवास अंतर्गत स्थित वन्य प्राणी खिवनी



अभ्यारण्य में परिक्षेत्र सहायक के पद पर पदस्थ डिप्टी रेंजर श्री रामोतार परते का अल्प बीमारी के चलते दुखद निधन हो गया है। श्री पर्ते विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे उनका उपचार भी चल रहा था । श्री परते वन विभाग में स्वच्छ छवि के मिलनसार ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे तथा खिवनी अभयारण्य में आने वाले पर्यटकों की सेवा व सुरक्षा में अपनी ज़िम्मेदारी निभाते हुए वन विभाग में तैनात थे । उनके अचानक देहांत होने पर विभाग में शोक व्याप्त हे । विभागीय अधिकारीयों कर्मचारियों एव उनके ईष्ट मित्रो ने शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महापौर ने दिया स्वनिधि योजना का पहला क्रेडिट कार्ड

**देवास।** निगम बैठक हाल में प्रति बुधवार को होने वाली महापौर जनसुनवाई के अन्तर्गत 10 मार्च को आहूत जनसुनवई में नागरिकों के द्वारा निगम संबंधि समस्याओं को लेकर आवेदन महापौर को दिये जिसमें 2 आवेदन का जनसुनवाई मे त्वरित निराकरण हेतु कहा तथा शेष 5 आवेदन निराकरण संबंधित विभागों मे भेजे गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत छोटे व्यवसायियों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इसी अन्तर्गत महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने योजना के तहत पहला क्रेडिट कार्ड हितग्राही प्रदीप परमार को केनरा बैंक के माध्यम से प्रदान किया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत वे पथ विक्रेता



और छोटे व्यवसायी क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र हैं, जिन्होंने पहले चरण में प्राप्त 20 हजार रुपए का ऋण पूर्ण रूप से चुका दिया है या जिन्हें 50 हजार रुपए तक का ऋण मिल चुका है। ऐसे पात्र हितग्राहियों को अब क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे अपनी जरूरत के अनुसार आसानी से लेनदेन कर सकेंगे और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकेंगे। क्रेडिट कार्ड के माध्यम से हितग्राही को प्रारंभिक रूप से 10 हजार रुपए तक की क्रेडिट सुविधा प्राप्त होगी। यदि हितग्राही नियमित रूप से लेनदेन करते हैं और समय पर भुगतान करते हैं, तो यह सीमा बढ़ाकर 30 हजार रुपए तक की जा सकती है।

इस सुविधा से छोटे व्यापारियों को अचानक आने वाली आर्थिक जरूरतों के समय तत्काल सहायता मिल सकेगी और उन्हें अन्य विकल्पों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। महापौर ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की कि जिन्होंने 20 हजार रुपए का ऋण पूर्ण रूप से चुका दिया है, वे इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे आएं और एमपी ऑनलाइन केंद्र के माध्यम से क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम और बैंक मिलकर अधिक से अधिक हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, जितेन्द्र जायसवाल, कैलाश दशोरे व आवेदक नागरिकगण उपस्थित रहे।

### अत्यंत उपयोगी योजना

इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने कहा, कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना देश के छोटे व्यापारियों, ठेला-गुमटी संचालकों और पथ विक्रेताओं के लिए अत्यंत उपयोगी योजना है। उन्होंने कहा, कि छोटे व्यवसायी शहर की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिल रहा है। क्रेडिट कार्ड सुविधा से पथ विक्रेताओं को कारोबार बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी।

### योजना आर्थिक रूप से सहायक

महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने भी पथ विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे इस योजना का लाभ लेकर अपने व्यवसाय को मजबूत बनाएं और समय पर भुगतान कर आगे मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से देवास के सैकड़ों छोटे व्यवसायियों को पहले ही ऋण सुविधा का लाभ मिल चुका है और अब क्रेडिट कार्ड की नई सुविधा उनके लिए आर्थिक रूप से और अधिक सहायक साबित होगी।

## नशे में माता टेकरी पहुंचा युवक, पुलिस को सौंपा

**देवास ।** माता टेकरी मंदिर क्षेत्र में एक महिला से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। बुधवार सुबह हुई इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने कथित आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना टेकरी रपट मार्ग पर हुई। आरोप है कि युवक ने टेकरी पर दर्शन के लिए आई एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई



भी की। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था, जिससे क्षेत्र में कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। युवक ने अपना नाम प्रशांत बताया और खुद को इंदौर का निवासी बताया। लोगों ने युवक को देवास पुलिस के हवाले कर दिया। युवक का कहना है कि वह नशे में था और टेकरी से नीचे उतर रहा था। फिलहाल, पुलिस की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## लीनेस क्लब ने महिला दिवस पर लगाया स्वास्थ कैंप

▸ साधारण सभा का आयोजन भी हुआ

**देवास।** लीनेस क्लब देवास द्वारा विश्व महिला दिवस पर ओरेकल केयर सेंटर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साधारण सभा का आयोजन भी हुआ। डॉ संध्या खरे, डॉ सुलभा रानी, डॉ पूनम भाटिया, डॉ प्राची महेश्वरी द्वारा महिलाओं का चेकअप किया गया। डॉ अक्षय जैन ने फिजियो थैरेपी के



बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अरूणा, एरिया ऑफिसर संगीता गोयल, डायरेक्टर रेनू शर्मा, रमा चौबे, डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन राजश्री सोनी, कल्पना नाग, माइक्रो चेयर पर्सन भूमिक शर्मा, अध्यक्ष लीनेस डायरेक्टर सुषमा अरोड़ा ,सचिव लीनेस माइक्रो चेयरपर्सन कुसुम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डिंपल शर्मा, क्लब मेंबर्स गीता खत्री, गिरिजा महेश्वरी, किरण माधवानी, अभिलाषा शर्मा, आदि थे।

## भौंरासा नगर में श्री श्याम कीर्तन 20 मार्च को

**भौरासा।** भौरासा नगर के बस स्टैंड पर चेत्र कृष्ण पक्ष हिंदू नव वर्ष की शुरुआत के साथ श्री खाटू श्याम जी की आलोकिक भजन संध्या श्याम प्रेमियों के द्वारा भौंरासा नगर के बस स्टैंड पर श्री श्याम महा कीर्तन का आयोजन रखा गया है



जिसमें भव्य दरबार, 56 भोग, पुष्प वर्षा, आलौकिक श्रृंगार व इत्र केसर की वर्षा होगी कार्यक्रम मे प्रसिद्ध भजन गायक कान्हा व्यास (ग्वालियर) ,ऋषिका ठाकुर (ग्वालियर,) एव अमित पारीक (मक्सी) के द्वारा श्री श्याम भगवान के भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की गई है, दिनांक 20, मार्च 2026 समय शाम 7.30 बजे से यह आयोजन प्रारंभ होगा जहा नगर व क्षेत्रवासी कार्यक्रम मे सादर आमंत्रित हैं कार्यक्रम के आयोजक समस्त श्याम परिवार भौरासा के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की गई।

## नप कार्यालय में नहीं बैठ रहे सीएमओ, कार्यालयीन कार्यभार राजस्व अधिकारी को सौंपा

▸ वित्तीय लेनदेन स्वयं के पास रखा

**सोनकच्छ।** नगर परिषद में इन दिनों लापरवाही का दौर जारी है। सीएमओ के पूर्व में अभद्रता की घटना के बाद वे 30 दिनों के अवकाश पर चले गए लेकिन उनके द्वारा मांगा गया अर्जित अवकाश की अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही सीएमओ अमरदास सेनानी छुट्टी से लौट आएं व सफाईकर्मियों के दबाव उनका वेतन डाल दिया। उसके बाद सीएमओ कुछ दिनों नप अध्यक्ष के निवास पर स्थित ऑफिस से कार्यालयीन कार्य किया। सीएमओ सेनानी ने वित्तीय लेनदेन का अधिकार स्वयं के पास रख रखा जबकि अन्य सॉफ्ट




अधिकार उन्होंने राजस्व अधिकारी रोहित मनोरिया को दे रखा है। शासन द्वारा नप में मूल सीएमओ की पदस्थापना होने के बावजूद नप में मूल सीएमओ घर व देवास भोपाल हाईवे से नप चला रहे है। जबकि शासन द्वारा उन्हें वेतन नप कार्यालय में बैठकर शासन की योजनाओं व नगरवासियो की समस्या सुनने के लिए दी जाती है लेकिन वे ऐसा नही कर रहे है। सफाई के लिए लगी गाड़ियों में डीजल व अन्य आवश्यक करने के भुगतान हेतु सीएमओ कभी सोनकच्छ बाईपास तो कभी टोल टेक्स तक आकर भुगतान वाउचर पर हस्ताक्षर कर रहे है और पुनः घर की ओर या फिर उज्जैन चले जाते है।

नगर में सीएमओ के नही होने से विकास कार्य भी अवरुद्ध हो रहे है। वहीं सीएम हेल्पलाइन पर कई दर्जनों शिकायत है जो कि बगैर सीएमओ के कार्यालय में बैठने पर ही हटाई जा सकेगी। नगरवासियों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि, सीएमओ को आदेशित कर व उन्हें नप कार्यालय में बैठकर शासन की योजनाओं को क्रियान्वित करें। सीएमओ सेनानी का कहना है कि, मैं इस बारे में कुछ नही कहना चाहता हूं।

**इनका कहना है**

नप अध्यक्ष श्रुति बघेल का कहना है कि, सीएमओ के साथ विगत दिनों हुई घटना के कारण वे तनाव में है इसलिए नप कार्यालय नही आ रहे है। उनसे लगातार सम्पर्क में है वे जल्द नप आएंगे। बड़े कार्य सब हो रहे है।

## अ .भा . मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा के सत्र 2024 से 26 की समापन सभा संपन्न

▸ फाग उत्सव के साथ हुआ समापन

**देवास।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा देवास ने सत्र 2024 से 26 के समापन पर शाखा के श्रेष्ठ कार्य करने वाली सदस्यों का स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मान किया। शाखा के वर्तमान सत्र 2024 से 2026 की समापन सभा सांवरिया सेठ मंदिर जेल रोड देवास पर फाग उत्सव एवं महिला दिवस के रूप में आयोजित की गई। इस आयोजन में शाखा को प्रांत एवं राष्ट्र से प्राप्त अवार्ड का सदस्यों के



समक्ष वितरण किया गया तथा शाखा स्तर पर श्रेष्ठ कार्य करने वाली बहनों को सम्मानित किया गया।

महिला दिवस सम्मान सुमन मूंदड़ा राष्ट्रीय अंचल प्रमुख तथा डॉ किरण भार्गव महिला सशक्तिकरण प्रमुख को प्रदान किया गया। शाखा द्वारा शाखा अध्यक्ष शकुंतला सोनी को उनके कार्यकाल की उपलब्धियों के लिए सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष शकुंतला सोनी, पूर्व अध्यक्ष मनोरमा गोयल एवं राजश्री सोनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य उद्बोधन राष्ट्रीय अंचल प्रमुख सुमन मूंदड़ा द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन शाखा सचिव श्रीमती विजयलक्ष्मी भूतड़ा द्वारा किया गया। इसके उपरांत नवीन सत्र 2026 से 2028 के लिए अध्यक्ष मंजू बाला जैन, सचिव श्वेता मंत्री, कोषाध्यक्ष सरिता महाजन का मनोनयन किया गया। इसके पश्चात रंग और फूलों से उत्साह और उमंग के साथ फाग उत्सव मना कर सत्र समापन की घोषणा की गई। शाखा की अधिकतम सदस्यों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बकाया कर जमा कर शहर विकास में सहभागी बनें

**देवास।** आगामी 14 मार्च शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को राशि जमा कराने पर नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में करदाताओं को अपने बकाया करो को जमा कराये जाने की सुविधाओं हेतु निगम कार्यालय के साथ साथ निगम के झोन कार्यालयों ईटावा बस स्टेण्ड, जवाहर चौक तथा न्यायालय परिसर में शिविर लगाये जावेगें। लोक अदालत मे करों को जमा कराये जाने का समय न्यायालय परिसर में प्रात 10 बजे से सांय 6 बजे तक तथा निगम कार्यालय में प्रातरू 9 बजे से कार्य समाप्ति तक रहेगा। सिटीजनों के लिए निगम कार्यालय में पीने के पानी व बैठने सुविधा प्रदान की जावेगी। महापौर ने करदाताओं से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत में अपने करों का भुगतान कर नियमानुसार मिल रही छूट का लाभ अवश्य उठावें तथा शहर विकास मे सहभागी बनें।

एक नजर में ▸ नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए

## वार्ड में 20 दिन से आ रहा दूषित पानी, पार्षद प्रतिनिधि ने गंदे पानी की प्रदर्शनी लगाई

**देवास।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 22 में दूषित पानी की समस्या को लेकर बुधवार दोपहर पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा ने अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने वार्ड के अलग-अलग घरों से गंदे पानी के नमूने एकत्र कर उनकी प्रदर्शनी लगाई और नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। पार्षद प्रतिनिधि वर्मा ने बताया कि वार्ड में पिछले लगभग 20 दिनों से नलों में सीवेज मिला हुआ गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इस दूषित जल वितरण के कारण आनंद ऋषि नगर और एलआईजी कॉलोनी



सहित पूरे वार्ड के निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और जलजनित बीमारियों (स्वास्थ्य समस्याओं) का खतरा भी बढ़ गया है।

शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, इसलिए लगाई प्रदर्शनी

वर्मा का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने और जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए ही वार्डवासियों के घरों से पानी के नमूने लेकर यह सार्वजनिक प्रदर्शनी लगाई गई है।

### समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

पार्षद प्रतिनिधि ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। फिलहाल, वार्ड के निवासियों में जल की गुणवत्ता को लेकर भारी नाराजगी है और वे निगम की आगामी कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## अवैध वसूली और मारपीट करने वाले 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**देवास।** सीएनजी पंप पर अवैध वसूली और मारपीट के मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। औद्योगिक थाना पुलिस ने मंगलवार शाम आठ आरोपियों को पकड़ा, जबकि दो आरोपियों को एक दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। घटना चार दिन पहले मधु मिलन चौराहा स्थित गेल गैस सीएनजी पंप पर हुई थी। जब मैजिक वाहन से गैस डलवाने आए सलीम नाम के व्यक्ति ने पंप कर्मचारी मनीष से अवैध वसूली के लिए पैसे मांगे और धमकी दी। जब कर्मचारी ने पैसे देने से मना किया, तो सलीम ने अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद करीब दर्जनभर लोगों ने मिलकर कर्मचारी के साथ मारपीट की। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद बाकी फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों ने अलग-अलग जगह दबिश दी और आठ अन्य आरोपियों को भी पकड़ लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार शहर में लगाए गए ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी कैमरे अपराधियों के लिए बड़ी चुनौती बन रहे हैं। इन कैमरों की मदद से कई घटनाओं का जल्दी खुलासा हो रहा है और आरोपियों की पहचान आसान हो रही है।